# BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 25 नवम्बर, 2023 थाना पहासू

## 02 अभियुक्त चोरी के 203 कट्टे लहसुन, 01 लाख 20 हजार रुपये नकद, आयसर कैन्टर व अवैध असलहा मय कारतूस आदि सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वादी मौ0 अहमद पुत्र फकीर मौ0 निवासी खुशहालपुर जनपद रामपुर ने थाना पहासू पर तहरीर दी कि उसने एक आयसर कैन्टर को बुक कर लहसुन खरीदकर उसमें लोड कराया था दिनांक 10/11.11.2023 की रात्रि में कैन्टर के चालक व परिचालक उसे चकमा देकर लहसुन सहित कैन्टर लेकर फरार हो गये जिसके संबंध में थाना पहासू पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में विवेचना/छानबिन के दौरान प्रकाश में आये दो अभियुक्तों को आज दिनांक 25.11.2023 को थाना पहासू पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर खेडा नहर पुल के पास से चोरी किये गये 203 कट्टे लहसुन, 01 लाख 20 हजार रुपये, आयसर कैन्टर, अवैध असलहा मय कारतूस आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर मुअसं- 335/23 धारा 409, 120बी, 420, 411 भादवि व 3/4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत करते कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1- सारिक पुत्र तारिक निवासी ए.एम.यू कालोनी सिविल लाइन भगौता फाटक थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़।

2- मुकीम पुत्र इलियास निवासी शेरपुर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी-**

1- 203 कट्टे लहसुन (चोरी के)

2- 01 लाख 20 हजार रुपये नकद

3- आयसर कैन्टर नं0 UP-81ET-0641

4- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस

5- 01 अवैध छुरी

6- 01 फर्जी नम्बर प्लेट

अभियुक्तों द्वारा पुलिस से बचने के लिए आयसर कैन्टर पर फर्जी नम्बर प्लेट लगायी गयी थी तथा चोरी किये गये लहसुन में से कुछ लहसुन बेच दिया था जिससे संबंधित 01 लाख 20 हजार रुपये प्राप्त हुए है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

1. श्री अंकित कुमार चौहान थाना प्रभारी थाना पहासू
2. उ0नि0 विजय कुमार, उ0नि0 केदार सिंह, उ0नि0 वरुण कुमार
3. का0 सोनवीर, का0 नरसी सिंह, का0 रविन्द्र सिंह, का0 कृष्णकांत, का0 लोकेश








मीडिया सेल बुलंदशहर